# अनुपम खेर की तन्वी द ग्रेट दोबारा हो रही रिलीज, 26 सितंबर को सिनेमाघरों में फिर छा जाने को तैयार



अनुपम खेर की निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट 26 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है। यह फिल्म साहस, परिवार और समावेशिता की एक ऐसी कहानी है जो हर उम्र के दर्शकों को जोड़ती है। हंसी, भावनाओं और प्रेरणा से भरी यह फिल्म एक ऐसी मनोरंजक यात्रा है जिसे बच्चे, माता–पिता और दादा–दादी एक साथ देखकर प्रेरित हो सकते हैं। तन्वी द ग्रेट की कहानी तन्वी रैना नाम की एक जीवंत और ऑटिज्म से पीड़ित युवा लड़की के इर्द–गिर्द घूमती है। उसे अपने दिवंगत फौजी पिता के सियाचिन ग्लेशियर पर तिरंगे को सलाम करने के अधूरे सपने का पता चलता है। इस सपने को पूरा करने के लिए तन्वी एक ऐसी यात्रा पर निकलती है जो हंसी, मासूमियत और अटूट हौसले से भरी है। यह कहानी न केवल देशभक्ति की भावना को जागृत करती है, बल्कि प्यार, परिवार और दूसरों को मौका देने की सीख भी देती है।

पहली बार रिलीज होने पर तन्वी द ग्रेट ने पूरे देश में दर्शकों का दिल जीता था। इसे राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिए विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। इतना ही नहीं, यह फिल्म 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के शीर्ष तीन दावेदारों में शामिल थी। अपनी अनूठी कहानी और शानदार अभिनय के लिए इसने खूब वाहवाही बटोरी। तन्वी द ग्रेट एक ऐसी पारिवारिक फिल्म है जो अपनी सार्वभौमिक अपील के लिए जानी जाती है। यह देशभक्ति की भावना को गर्मजोशी, हास्य और आशा के साथ पेश करती है। अनुपम खेर कहते हैं, यह फिल्म सिर्फ देशभक्ति के बारे में नहीं है यह प्यार, परिवार और दूसरे मौकों के बारे में है। इसे मिली सराहना देखकर मैं अभिभूत था, लेकिन मेरा मानना है कि इसका असली भाग्य परिवारों द्वारा सिनेमाघरों में एक साथ अनुभव किया जाना है। दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ ने कहा, कुछ कहानियां आपको एक साथ हंसाती, रुलाती और सपने दिखाती हैं। तन्वी द ग्रेट उन दुर्लभ फिल्मों में से एक है जो परिवारों को करीब लाती है। बोमन ईरानी ने कहा, यह हमें याद दिलाती है कि रोजमर्रा के नायक अक्सर हमारे घरों में ही होते हैं, जो चुपचाप प्यार के साथ अपनी ताकत को निभाते हैं। तन्वी की भूमिका निभाने वाली नवोदित अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा है। यह कोमल, मजेदार और शक्तिशाली है और मैं एक ऐसी कहानी का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं जो हर परिवार को छू सकती है।

## बाक्स आफिस पर जाली एलएलबी 3 ने फिर पकड़ी रफ्तार, पांचवें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये



अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जाली एलएलबी 3 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 5 दिन हो चुके हैं। इस कोर्टरूम ड्रामा फिल्म की बाक्स आफिस पर शुरुआत शानदार रही, लेकिन कामकाजी दिनों में इसके कारोबार में गिरावट जारी है। हालांकि, मंगलवार को यह फिल्म एक बार फिर पटरी पर लौट आई है। आइए जानते हैं जाली एलएलबी 3 ने पांचवें दिन बाक्स आफिस पर कैसा प्रदर्शन किया है। बाक्स आफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, जाली एलएलबी 3 ने रिलीज के पांचवें दिन यानी मंगलवार को 6.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बाक्स आफिस कलेक्शन 65.50 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म ने 12.5 करोड़ रुपये के साथ बाक्स आफिस पर अपना खाता खोला था, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 20 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 21 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। चौथे दिन इस फिल्म ने 5.5 करोड़ रुपये कमाए। जाली एलएलबी 3 के निर्देशन की कमान सुभाष कपूर ने संभाली है, वहीं आलोक जैन और अजीत अंधारे ने इस फिल्म का निर्माण किया है। अक्षय और अरशद के अलावा इस फिल्म में सौरभ शुक्ला, अमृता राव और हुमा कुरैशी जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद फिल्म जाली एलएलबी 3 का प्रीमियर जियो हॉटस्टार पर होगा। इसके अलावा नेटफ्लिक्स ने भी इस फिल्म के ओटीटी राइट्स खरीदे हैं।

## अभिनेत्री कावेरी प्रियम ने बताया, क्यों आकर्षक लगा उन्हें दूरियां का किरदार

अभिनेत्री कावेरी प्रियम ये रिश्ते हैं प्यार के और जिद्दी दिल माने ना जैसे धारावाहिकों में यादगार अभिनय के लिए मशहूर हैं। इन दिनों वो यूट्यूब पर स्ट्रीम हो रहे शो दूरियां में सोनिया का किरदार निभाती दिखाई दे रही हैं। कावेरी प्रियम ने यह किरदार क्यों चुना और यह उनके दूसरे किरदारों से कैसे अलग है, उन्होंने एक इंटरव्यू में इसके बारे में बताया। अभिनेत्री इस शो में एक ऐसी महिला का रोल प्ले कर रही हैं जो प्रोफेशनल लाइफ में तो बड़ी मजबूत है, लेकिन पर्सनल लाइफ में काफी संघर्ष करती है। कावेरी प्रियम ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, सोनिया के किरदार की जटिलता ने मुझे इसकी तरफ तुरंत आकर्षित किया। वह न सिर्फ एक मजबूत महिला है, बल्कि एक तरीके से कमजोर भी है।



पेशेवर तौर पर वह महत्वाकांक्षी और आत्मविश्वासी है, लेकिन निजी जिंदगी में वह असुरक्षित और बेहद भावुक है। इस किरदार का यही द्वंद्व उसे मेरे लिए आकर्षक बनाता है। कावेरी मानती हैं कि सोनिया के किरदार के लिए तैयारी करने का मतलब था कि उन असली महिलाओं को देखना जो काम पर अपनी ताकत और घर पर अपनी कमजोरी के बीच संतुलन बनाए रखती हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के किरदार निभाना उन्हें पसंद है, जो उन्हें कुछ नया करने की चुनौती दे। कावेरी ने कहा, मैं जानबूझकर स्क्रीन पर खुद को दोहराने से बचती हूं। सोनिया ने मुझे एक ही भूमिका में महत्वाकांक्षा, जुनून, कमजोरी और दिल टूटने का अहसास दिखाने का मौका दिया। मैं कई परतों वाली खामियों से भरे किरदारों और ऐसी कहानियों को तलाशना पसंद करती हूं जो मुझे चुनौती दें, फिर चाहे वो फिल्म, ओटीटी, या टीवी किसी से भी जुड़े क्यों न हों। आगे भी मैं खुद को चुनौती देने वाले किरदार निभाना चाहूंगी। दूरियां एक यूट्यूब सीरीज है जिसे जार पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है। यह यूट्यूब पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें कावेरी प्रियम के किरदार को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। इसके निर्देशक मोहित झा हैं।

